यातायात को नई दिशा देगा वेस्टर्न बायपास

688 करोड़ की लागत से 20 किमी लंबा बायपास लहदरा से बेरखेड़ी गुरु निकलेगा, हेवी ट्रैफिक से शहरवासियों को मिलेगी मुक्ति

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर में भारी यातायात से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर से सीधे जोड़ने 688.31 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस 20.19 किमी लंबे बायपास का निर्माण एम एस आर्केन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है.

बायपास को सर्वसुविधायुक्त और सुरक्षित बनाया जाए. वन क्षेत्र से गुजरने वाले हिस्से के दोनों ओर बाउंड्री वॉल और जालीदार फेंसिंग लगाई जाए, साथ ही जरूरत के अनुसार रिटेनिंग वॉल



बनाई जाए. मुख्य रोड क्रॉसिंग पर भविष्य के यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए सभी जगह साइनेज और ट्रैफिक कंट्रोल संरचनाएं विकसित की जाएं. उन्होंने पीएचई, राजस्व, एनएच सहित अन्य विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए. कलेक्टर दिलीप यादव ने निर्देश दिए कि मुआवजा राशि की गणना, वितरण में कोई त्रुटि नहीं होनी चाहिए. फौती, नामांतरण, सीमांकन, नक्शा सुधार, सिंचित-असिंचित भूमि से जुड़ी राजस्व मामलों प्राथमिकता के आधार पर हल करें.

शहर के यातायात को नई दिशा देने वाले निर्माणाधीन वेस्टर्न बायपास के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने कलेक्टर दिलीप कुमार यादव स्वयं निर्माण स्थल पहुंचे. लेहदरा से बरखेड़ी गुरु तक प्रस्तावित इस 20.19 किमी लंबे मार्ग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण में तेजी लाने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने और प्रभावित भू-स्वामियों के मुआवजा वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बरतने के स्पष्ट निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने बायपास मार्ग का लेआउट देखा और प्रस्तावित फ्लाईओवर, रैंप तथा अधिग्रहित जमीनों का विस्तृत विवरण लिया. उन्होंने मौके पर मौजूद प्रभावित गांवों के किसानों एवं भू-स्वामियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं. उन्होंने कहा कि आपसी समझौते वाले लंबित प्रकरणों का त्वरित निपटारा हो. निर्धारित समय सीमा में ही गुणवत्तापूर्वक निर्माण कार्य कराया जाए. निरीक्षण के दौरान पीडी एनएचएआई मृदुल राकेश मिश्रा, एसडीएम सागर रोहित वर्मा, एसडीएम जैसीनगर नवीन सिंह ठाकुर, नेशनल हाईवे अथॉरिटी और निर्माण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे.

अमानक डीएपी खाद पाए जाने पर बीना और केसली में विक्रेताओं के खिलाफ मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. बीना विकासखंड के अंतर्गत अवैध रूप से डीएपी खाद का विक्रय किए जाने का मामला सामने आया है.

प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट में खाद अमानक पाए जाने के साथ-साथ विक्रेता द्वारा बिना वैध लाइसेंस एवं बिना टोकन के निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद का अवैध रूप से विक्रय किए जाने के कारण संबंधित विक्रेता रोहित राय, पिता सुदामा राय, निवासी ग्राम कुरवा, तहसील बीना के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मलखेड़ी के किसान अरविंद दुबे, ग्राम कलावनी की किसान प्रभा साहू एवं राजेंद्र प्रसाद तथा बीना के किसान अकरम कुरैशी ने वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड बीना के कार्यालय में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर डीएपी खाद के नकली एवं अमानक होने की शिकायत की थी. किसानों ने शिकायत में बताया कि उन्होंने रोहित राय से डीएपी खाद 2,000 रुपये प्रति बोरी की दर से खरीदी थी. खाद की बोरियां खोलने पर उसमें नकली खाद होने का संदेह हुआ, जिसके बाद किसानों ने कृषि विभाग में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड अवधेश राय तथा कृषि विस्तार अधिकारी दीपेश मोघे द्वारा खाद के नमूने लिए गए.

जांच में विक्रेता द्वारा बिना वैध लाइसेंस एवं बिना टोकन के निर्धारित दर से अधिक कीमत पर अवैध रूप से उर्वरक विक्रय किए जाने का मामला भी सामने आया. इन अनियमितताओं एवं प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित विक्रेता रोहित राय के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है. वहीं मेसर्स केसरी नंदन कृषि सेवा केंद्र, ग्राम टड़ा, तहसील केसली के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृषि विभाग द्वारा उक्त उर्वरक विक्रेता प्रतिष्ठान से उर्वरक का नमूना लेकर परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था. प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट में संबंधित उर्वरक का नमूना निर्धारित गुणवत्ता मापदंडों के अनुरूप नहीं पाया गया. पुलिस थाना केसली में एफआईआर दर्ज कराई गई है.

एक नजर में



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भेंट की

सागर. महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने भोपाल में प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी से सौजन्य भेंट की. इस अवसर पर महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने वरिष्ठ भाजपा नेता ,महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी तथा भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रिशांक तिवारी के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की. महापौर ने नगर निगम द्वारा कराए जा रहे विभिन्न विकास एवं जनहितकारी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी.



अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने किया स्वागत

सागर. मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा कलेक्टर दिलीप कुमार यादव का सौजन्य भेंट उपरांत अभिनंदन किया गया. मोर्चा के जिला अध्यक्ष चूरामन रैकवार एवं जिला संयोजक आलोक गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर श्री यादव से जिले के चहुंमुखी विकास की आशा व्यक्त की गई .इस दौरान नरेंद्र सिंह रायकवार, बेनी प्रसाद प्रजापती, माधव प्रसाद कटारे, राघवेंद्र सिंह ठाकुर, यूएस रावत , थानसिंह मंडल, सुशील यादव, शिवम पचौरी, अभिनंदन बिंदेलिया, संदीप विश्वकर्मा, विवेक अहिरवार शामिल रहे.



बाल आश्रम में समिति ने दिए पटाखे

सागर. विचार समिति ने मकरोनिया स्थित संजीवनी बाल आश्रम में रहने वाले बच्चों को 45 बच्चों को पटाखे उपहार स्वरूप भेंट किए गए. विचार समिति की सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा कि दीपावली का पर्व खुशियां बांटने और एक-दूसरे के जीवन में उजाला लाने का संदेश देता है. त्योहार की असली खुशी तभी है, जब समाज का हर बच्चा इसमें शामिल हो सके. कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने कहा कि बच्चों के जीवन में खुशियों के रंग भरना और उन्हें अपनत्व का अहसास कराना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है. दीपावली का पर्व हमें यही प्रेरणा देता है कि खुशियां केवल अपने तक सीमित न रखें, बल्कि दूसरों के साथ भी साझा करें. आश्रम की संचालक प्रतिमा अरजरिया ने कहा कि दीपावली के अवसर पर बच्चों के साथ खुशियां साझा करना सराहनीय प्रयास है. उन्होंने बच्चों के लिए उपहार देने और त्योहार की खुशियों से जोड़ने के लिए समिति का आभार व्यक्त किया.

रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए जोनल बैठक में मुद्दा उठाया

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. रेल सुविधाओं के विस्तार और बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने भोपाल में आयोजित पश्चिम मध्य रेलवे की मंडल एवं जोनल बैठक में क्षेत्र की रेल संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए 37 मांगें एवं प्रस्ताव रेलवे अधिकारियों के समक्ष रखे.

बैठक में सांसद डॉ वानखेड़े ने मंडी बामोरा स्टेशन के व्यापक पुनर्विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार के साथ इंदौर-प्रयागराज एवं पातालकोट एक्सप्रेस के ठहराव तथा दक्षिण भारत की ओर जाने वाली ट्रेन का स्टॉपेज करने की मांग की. वहीं बीना जंक्शन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों में प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की बात रखी. बैठक में उन्होंने रीवा-पुणे ट्रेन को सागर मार्ग से चलाने, बेंगलुरु एवं रामेश्वरम के लिए सीधी ट्रेन को सागर मार्ग से संचालित करने की मांग की है.

यादव महासभा ने जलाया कथावाचक का पुतला

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. जिला यादव महासभा द्वारा कृष्णगंज चौराहे पर कथावाचक धीरेन्द्र शास्त्री का पुतला दहन किया गया.

जानकारी के अनुसार पुतला दहन के दौरान पुलिस द्वारा पुतला छीनने का प्रयास किया गया, लेकिन समाज के युवा पुतला जलाने में सफल हो गए. पुतला दहन में यादव महासभा के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि धीरेन्द्र शास्त्री ने व्यासपीठ से भगवान श्री कृष्ण जी के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी कर सनातन धर्म का अपमान किया है.



नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव ने कहा कि श्री शास्त्री को सनातन धर्म का कोई ज्ञान नहीं है. इस दौरान चंदन यादव, संजय मोंटू यादव, चन्द्रभान यादव, रवि यादव, रामदयाल यादव, अमित यादव, गोपीलाल यादव, गोपाल मोहन यादव, संजीव यादव, सोमेश यादव, शिवराज यादव, एड. ब्रजेन्द्र यादव, एड. अंजय यादव, वासु यादव, अतुल यादव, मुकेश यादव, सुंरलाल यादव, देशराज यादव, रोशन पहलवान, जितेन्द्र यादव, कार्तिकेय रोहण, अनिकेत यादव, लीलाधर यादव, राजू यादव गढ़ाकोटा, महेन्द्र यादव वरपानी, विक्रम यादव, शनि यादव, अनिमेष यादव, अभि यादव, प्रमोद लम्बरदार, राकेश यादव, मोहन यादव, देव यादव, अनुज यादव सहित यादव समाज के सैकड़ों लोग शामिल थे.

बाइक भिड़ंत में घायल

शाहगढ़. हीरापुर के पेट्रोल के पास दो मोटर साइकिल अनियंत्रित हो गई और दो युवक घायल हो गए. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार साशन निवासी राजाराम आदिवासी एवं राजाराम आदिवासी निवासी उमरया रिश्ते में साले-जीजा जो बड़ा मलहरा से दलपतपुर जा रहे थे. इनकी मोटरसाइकिल हीरापुर के पास अनियंत्रित होने से राजाराम के पैर एवं सिर पर गंभीर चोटें आई एवं विजय को सिर पर छोटे लगी जिसकी सूचना पर 112 द्वारा जिनके पायलट राजा रजक एवं 112 में थाना शाहगढ़ आरक्षक सुरेंद्र अहिरवार ने 10 मिनट से भी कम समय में घटना स्थल से घायलों को शाहगढ़ पहुँचाया है.

स्कूल में मनाया गया दीपावली उत्सव

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. सेंट मेरी स्कूल में दीपावली का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.

शुभारंभ मुख्य अतिथि महंत केशव गिरि महाराज, प्राचार्या श्रीमती सी.जी. मॉल जोश एवं प्रबंधक फादर साबू, गनेश चौबे एवं शिल्पी सिन्हा द्वारा किया गया. कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र एवं उनके आदर्शों पर आधारित एक सुंदर नाट्य प्रस्तुति दी गई, जिन्होंने सभी को मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी. विद्यालय के



प्रबंधक फादर साबू ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी समझने तथा सुरक्षित एवं इको-फ्रेंडली दीपावली मनाने का संदेश दिया. मुख्य अतिथि महंत केशव गिरि महाराज ने कहा कि अच्छे विचारों और श्रेष्ठ व्यक्तित्व वाले लोगों का साथ जीवन को सही दिशा प्रदान करता है. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं, नैतिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

नगर राजभाषा समिति की बैठक विवि में आज

सागर. केन्द्रीय बैंकों उपक्रमों कार्यालयों में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाती हैं. नगर की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2026-27 की द्वितीय छमाही समीक्षा बैठक डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं नराकास के अध्यक्ष प्रो. नागेश दुबे की अध्यक्षता में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जा रही है.बैठक में नरेन्द्र सिंह मेहरा, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहेंगे.

स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

गढ़ाकोटा 4 नवम्बर. अम्बर श्रीवास्तव, सिविल जज अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्षता में सरस्वती विवेक ज्ञान मंदिर स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.

अध्यक्ष अधिवक्ता संघ रामसजीवन चौबे, पैनल लॉयर मनीषा सोनी, प्रधानाचार्य प्रीतम सेन उपस्थित रहे. वर्तमान में बच्चों के साथ हो रहे शोषण के खिलाफ सशक्त करने हेतु बाल अधिकार और संरक्षण कानून, पॉक्सो एक्ट, ऑनलाईन सुरक्षा, साईबर ग्रूमिंग और सोशल मीडिया के खतरे, सुरक्षित, असुरक्षित स्पर्श की पहचान, और शोषण के खिलाफ कानून के बारे में जानकारी दी.



युवा उत्सव में विद्यार्थियों की सहभागिता के लिए प्रोत्साहित करें

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय में युवा उत्सव जिला नोडल महाविद्यालय में जिला स्तर बैठक का आयोजन किया गया.

मुख्य अतिथि डॉ. आरके गोस्वामी अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर संभाग ने कहा कि युवा उत्सव की सभी विद्यार्थियों को सहभागिता हेतु प्रोत्साहित कीजिए. प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा शासकीय सेवा में आप अपने कर्त्तव्य पूर्ति के साथ सेवा का आनंद भी ले सकते है विद्यार्थियों के साथ समय व्यतीत करने से आप की ऊर्जा बढ़ती है. प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा आप सभी विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का मुख्य कार्य कीजिए. कार्यक्रम की रूपरेखा युवा प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने प्रस्तुत की. इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि दुबे ने किया. बैठक का महत्वपूर्ण भाग विषय, स्थान एवं तिथि निर्धारण का कार्य डॉ. अपर्णा चाचैदिया एवं डॉ. निशा इंद्र गुरू ने किया.

गोवर्धन पूजा की तैयारी

सागर. नगर पालिक निगम अंतर्गत डेयरी विस्थापन परियोजना स्थल हफसिली में 9 नवंबर सोमवार को आयोजित की जावेगी. पशुपालन संघ और नगर पालिक निगम के तत्वावधान में निगमायुक्त राजकुमार खत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हफसिली स्थित पशु बाजार शेड के पास गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर अन्नकूट पूजन प्रारंभ किया गया. निगमायुक्त श्री खत्री ने हफसिली डेयरी विस्थापन परियोजना स्थल पर गोवर्धन पूजा की तैयारियों का जायजा लिया और सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कर उक्त गोवर्धन पूजा को मेले के रूप में करने के निर्देश दिए.उन्होंने 101 फीट लंबे और 11 फीट ऊंचे गोवर्धन पर्वत को गोबर मिट्टी से बनाने के लिए उक्त आयोजन स्थल पर माप आदि कराकर चूना डलवाया और पूजन स्थल की समुचित साफ-सफाई के साथ पर्वत निर्माण प्रारम्भ करने के निर्देश दिए.

सिविल अस्पताल की बिगड़ैल व्यवस्था नहीं आ रही पटरी पर, समय पर नहीं पहुंच रहा अमला

नवभारत न्यूज

खुरई 4 नवम्बर. सिविल अस्पताल में अव्यवस्थाएं निरंतर जारी है जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है.

जनता का कहना है कि अस्पताल की बड़ी बिल्डिंग बनाने से मरीजों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है, उसके लिए व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखना पड़ता है, जिसमें सुधार होता नजर नहीं आ रहा है. देखने में आया कि 9 बजे के बाद भी दवा वितरण केन्द्र के कमरे का ताला नहीं खुला था. मरीज दवा लेने के लिए दवा केन्द्र के बाहर खड़े रहकर इंतजार करते देखे गए. सिस्टर ने दवा वितरण केन्द्र वाले को फोन कर बुलाया तब वह साढ़े नौ के बाद अस्पताल पहुंचा.



जानकारी के अनुसार इसी तरह भर्ती मरीजों में किसी को खाना दिया जा रहा है तो किसी से कह दिया जाता है कि समाप्त हो गया है, पलंग नं दस पर भर्ती मरीज ने बताया कि मंगलवार के दिन खाने वितरित करने वालों ने कहां कि खाना नहीं है जबकि समीप वाले मरीज ने बताया कि उसे शाम छः बजे दिया था और दस नंबर पलंग पर भर्ती मरीज से सात बजे कहा कि खत्म हो गया है. यह प्रमाणित हो रहा है कि बीएमओ की पकड़ अव्यवस्थाएं फैलाने वालों पर मजबूत नहीं है, न ही बीएमओ ने आज तक ऐसे लोगों पर विभागीय कार्यवाही की है. तीन विभागों के कर्मचारी समय पर उपलब्ध मिले जिनमें एक्सरा,दवा स्टोर एंव खून की जांच करने वाले शामिल हैं.

मुंडेरी धाम में मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

सागर 4 नवम्बर. देवरी विस क्षेत्र के ग्राम मुंडेरी सहजपुर, तेंदूडाबर स्थित मुंडेरी धाम सरकार में पूर्व विधायक सुनील जैन ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मंदिर निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया.

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने लगभग 35 वर्ष पूर्व सुनील जैन के विधायक कार्यकाल की यादों को ताजा किया. ग्रामीणों ने उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों एवं क्षेत्र के लोगों से उनके आत्मीय संबंधों को याद करते हुए उस समय को देवरी विधानसभा क्षेत्र का स्वर्णिम युग बताया.



पूर्व विधायक श्री जैन ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देवरी क्षेत्र के लोगों से उनका संबंध केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक और भावनात्मक रहा है. इस अवसर पर दिनेश लोधी, दामोदर तिवारी, सुरभि गौंड, संदीप भैया, नर्मदा प्रसाद पटेल, विजय सिंह राजपूत, गुलाब घोषी, कमलेश जैन, विमलेश राय सहित ग्रामीणजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे.

लापरवाही | **गांधी नगर नई बस्ती में खुदी सड़क बनी मुसीबत**

पाइप लाइन बिछाने के बाद री-स्टोरेशन करना भूल गया जल निगम

नवभारत न्यूज

ललितपुर 4 नवम्बर. पूरे पाँच माह बाद भी शहर के वार्ड नंबर चार गांधीनगर नई बस्ती बिहारी राशन के पास जल निगम शहरी की लचर कार्यशैली के चलते स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

पाइपलाइन बिछाने के लिए करीब पांच महीने पहले खोदी गई मुख्य सड़क आज तक दुरुस्त नहीं कराई गई है. सड़क पर गहरे गड्ढे,



कीचड़ और मलबे के ढेर लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं. बदहाल मार्ग के कारण मोहल्लेवासियों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है. समस्या से आक्रोशित नागरिकों ने जल्द सड़क की मरम्मत नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है. जल निगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए करीब पांच महीने पहले मोहल्ले के मुख्य मार्ग की खुदाई की गई थी. कार्य पूरा होने के बाद विभागीय अधिकारियों ने सड़क की मरम्मत कराने की सुध नहीं ली, इसके चलते सड़क की स्थिति लगातार बदतर होती चली गई. अब मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और कीचड़ जमा है. बारिश और जलभराव के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है. सड़क की बदहाली के कारण सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है. गड्ढों में भरे पानी और भारी कीचड़ के बीच से गुजरना जोखिम भरा हो गया है. मोहल्लेवासियों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मौखिक एवं लिखित रूप से अवगत कराया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला. पांच महीने बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई.